न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज0)

पीठासीन अधिकारी: श्रवण सिंह राठौड़, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या: 15/2023

उनवान

धर्मेन्द्र कुमार पिता सुरेश कुमार समाधिया जाति समाधिया निवासी गढ़ी तहसील गढ़ी जिला बांसवाडा (राज.)।

—: प्रार्थी।

बनाम

तहसीलदार, तहसील गढ़ी जिला बांसवाडा (राज.)।

—: अप्रार्थी।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 A राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

निर्णय

दिनांक: 22.5.2025

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र का संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खाता संख्या खाता संख्या 733 नया 681 पुराना के सर्वे नम्बर 6460/78 रकबा 0.04 हे., सर्वे नम्बर 6461/79 रकबा 0.03 हे., सर्वे नम्बर 84 रकबा 0.44 हे. कुल किता 03 रकबा 0.51 हे. भूमि एवं प्रार्थी के पिता श्री सुरेशचन्द्र पिता रादीया के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि खाता संख्या 686 नया 643 पुराना के सर्वे नम्बर 114 रकबा 0.13 हे., सर्वे नम्बर 115 रकबा 0.14 हे., सर्वे नम्बर 121 रकबा 0.25 हे., सर्वे नम्बर 122 रकबा 0.08 हे., सर्वे नम्बर 6725/4 रकबा 0.14 हे. कुल किता 05 रकबा .74 हे. भूमि तथा प्रार्थी के भाई विरेन्द्र कुमार पिता सुरेश कुमार के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि खाता संख्या 615 नया 568 पुराना के सर्वे नम्बर 6360/76 रकबा 0.20 हे. सर्वे नम्बर 77 रकबा 0.10 हे. कुल किता 02 रकबा 0.30 हे. भूमि वाके ग्राम गढ़ी पटवार हल्का गढ़ी तहसील गढ़ी जिला बांसवाडा में स्थित है। प्रार्थी और प्रार्थी के पिता व भाई की उपरोक्त कृषि भूमि में आने जाने के लिए सर्वेनम्बर 3796 आरक्षित भूमि एवं आराजी सर्वेनम्बर 3797 श्री सरकार भूमि में से रास्ता बना हुआ है। प्रार्थी और प्रार्थी के पिता व भाई को उपरोक्त कृषि भूमि में आने जाने का एकमात्र रास्ता स्थित है। प्रार्थी एवं उसके परिवारजन विगत कई वर्षो से उक्त सर्वे नम्बर की भूमि का रास्ते के रूप में उपयोग–उपभोग करते चले आ रहे है। सर्वेनम्बर 3796 व 3797 की भूमि के अलावा प्रार्थी का अपने खेतो में आने जाने का अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। वाद दर्ज होने से 08 रोज पूर्व कुछ लोगो द्वारा उक्त सर्वेनम्बर 3796 एवं 3797 में अतिक्रमण कर प्रार्थी के खेतो में आने जाने का रास्ता बन्दकर दिया। जिससे प्रार्थी अपने खेतो में नहीं जा पा रहा है जिससे प्रार्थी को कई समस्याओं का सामना करना पड रहा है। सर्वेनम्बर 3796 व 3797 में राजस्व रिकार्ड में रास्ता दर्ज कर रास्ते

Signature Not Verified
Digitally signed by SHARWAN SINGH RATHORE
Date: 2025.05.14 17:29:24 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बाँसवाड़ा

Scanned with OKEN Scanner

तरमीम किये जाने बाबत् प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251 A राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत् पेश हुआ।

प्रार्थी की ओर प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर होकर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किये जाने पर अप्रार्थी भूमिधारी तहसीलदार, गढ़ी की रिपोर्ट पेश हुई। तहसीलदार, गढ़ी द्वारा अपनी रिपोर्ट में बताया गया है कि पटवार हल्का गढ़ी के ग्राम गढ़ी के सर्वेनम्बर 6460/78 रकबा 0.4 हे., सर्वे नम्बर 6461/79 रकबा 0.03 हे. व सर्वे नम्बर 84 रकबा 0.44 हे. कुल किता 03 रकबा 0.51 हे. भूमि धर्मेन्द्र कुमार पिता सुरेश कुमार के नाम से दर्ज रिकार्ड है। सर्वे नम्बर 114 रकबा 0.13 हे., सर्वे नम्बर 115 रकबा 0.14 हे., सर्वे नम्बर 121 रकबा 0.25 हे., सर्वे नम्बर 122 रकबा 0.08 हे., सर्वे नम्बर 6725/4 रकबा 0.14 हे. कुल किता 05 रकबा .74 हे. भूमि सुरेशचन्द्र पिता रादीया के नाम दर्ज रिकार्ड है। तथा सर्वे नम्बर 6360/76 रकबा 0.20 हे. सर्वे नम्बर 77 रकबा 0.10 हे. कुल किता 02 रकबा 0.30 हे. भूमि विरेन्द्र कुमार पिता सुरेश कुमार के नाम दर्ज रिकार्ड है। जिसके आस–पास की समस्त भूमि खातेदारी दर्ज रिकार्ड है। प्रार्थी द्वारा आवेदित खसरा संख्या जिसमें से रास्ता चाहा गया है वह खसरा संख्या 3796 व 3797 प.स. चौपासाग के ग्राम चौपासाग में स्थित है जिसमें से खसरा संख्या 3796 आरक्षित भूमि व 3797 श्री सरकार दर्ज रिकार्ड है।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र एवं प्रार्थना–पत्र के संलग्न प्रस्तुत दस्तावेज तथा भूमिधारी तहसीलदार, गढ़ी की ओर से प्रस्तुत रिपोट का अवलोकन किया गया। प्रार्थी की ओर से जिन सर्वे नम्बर में से रास्ता चाहा गया है उनमें से एक सर्वे नम्बर 3796 सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आरक्षित दर्ज रिकार्ड है। प्रार्थी द्वारा जिन सर्वे नम्बरों में रास्ता चाहा गया है उन प्रत्येक सर्वे नम्बर में से कितने–कितने वर्गफीट का रास्ता चाहा गया है यह स्पष्ट नहीं किया गया है। साथ ही इन सर्वे नम्बरों का राजस्व रिकार्ड एवं नक्षा ट्रेस भी पेश नहीं किया गया है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र खारीज किया जाता है

निर्णय आज दिनांक 22.4..2025 को सरे ईजलाय सुनाया गया।

(श्रवण सिंह राठौड)
उपखण्ड अधिकारी,
गढ़ी

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बाँसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by SHARWAN SINGH RATHORE
Date: 2025.05.14 17:29:24 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner